अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

19 FEB., 2024

USEFUL FOR

**IAS | PCS**

**& other civil services exams**



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई जाती है**




- हर साल 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई जाती है.
- इनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में मराठा परिवार में हुआ था.
- शिवाजी महाराज का नाम शिवाजी भोंसले था.
- इनके पिता का नाम शाहजी भोंसले और माता का नाम जीजाबाई था.
- छात्रपति शिवाजी महाराज ने राष्ट्र को मुगलों के चंगुल से आजाद करा कर मराठा साम्राज्य (Maratha Empire) की नींव रखी.

2. **भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अब चुनाव जरूरी नहीं: पद खाली होने पर पार्लियामेंट्री बोर्ड नियुक्ति कर सकेगा**



- दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव पास हुआ है। इसके मुताबिक पद खाली होने पर पार्लियामेंट्री बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकेगा।
- इस प्रस्ताव के पास होने के साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाने पर भी मुहर लगा दी गई है।
- जेपी नड्डा जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए।
- भाजपा के इतिहास में आज तक चुनाव की नौबत नहीं आई है। इसी को बीजेपी आंतरिक लोकतंत्र का नाम देती है।
- यानी किसी एक नाम पर आम सहमति बन जाती है। इसे बहुमत का फैसला भी कहा जाता है।

3. **जगद्गुरु रामभद्राचार्य और गुलजार को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार**



- प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है.
- ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार (17 फरवरी) को यह घोषणा की है.
- गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं.
- इससे पहले उन्हें उर्दू में अपने कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं.

4. **विश्व मानव आत्मा दिवस 17 फरवरी को मनाया**




- विश्व मानव आत्मा दिवस प्रत्येक वर्ष 17 फरवरी को मनाया जाता है।
- यह मानवीय भावना को प्रतिबिंबित करने और विस्मय और उद्देश्य की हमारी भावना के साथ फिर से जुड़ने का दिन है।
- इस अवकाश की स्थापना सबसे पहले 2003 में माइकल लेवी द्वारा की गई थी।
- इसका महत्व इस बात से स्पष्ट है कि यह किस प्रकार सचेतनता और ध्यान को प्रोत्साहित करता है।
- यह हमारी मानवता को पहचानने और अपने आध्यात्मिक स्वरूप से जुड़ने का दिन है

5. **राजस्थान में भारतीय वायु सेना ने 'वायु शक्ति' अभ्यास का आयोजन किया**



- भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे राजस्थान के पोकरण (जैसलमेर) फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना ने अपनी ताकत दिखाई।
- शनिवार को हुए 'वायु शक्ति' युद्धाभ्यास के दौरान पूरी फायरिंग रेंज में वैसा ही माहौल दिखा, जैसा किसी युद्ध में होता है।
- युद्धाभ्यास की शुरुआत तीन चेतक हेलिकॉप्टर के फ्लैग पास्ट के साथ हुई।
- राफेल विमान 1300 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से फायरिंग रेंज में उतरे।
- इस युद्धाभ्यास में दुश्मनों के 16 ठिकानों को तबाह किया गया।
- इसमें हवाई पट्टी, कमांड सेंटर, ब्रिज, हथियारों का डिपो, टैंक शामिल हैं।

**6. नौसेना अभ्यास मिलन का 12वां संस्करण विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा**




- मिलन अभ्यास का 12वां संस्करण 19-27 फरवरी तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 50 से अधिक देश शामिल होंगे।
- इस अभ्यास का विषय "फोर्जिंग नवल एलिएंस्स फॉर ए सिक्योर मेरीटाइम फ्यूचर" है।
- दो चरण के अभ्यास में अंतरसंचालनीयता को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए भाग लेने वाली नौसेनाओं के लिए उन्नत अभ्यास के साथ सेमिनार, तकनीकी एक्सपो और समुद्री चरण के साथ हार्बर चरण शामिल है।

**7. भारत की पहली हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा उत्तराखंड से शुरू होगी**



- भारत की पहली हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा (HEMS) की शुरुआत उत्तराखंड से की जाएगी।
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में है जहां से इसे 150 किमी के दायरे में कहीं भी भेजा जा सकता है ताकि लोगों को हवाई जहाज से अस्पताल पहुंचाया जा सके।
- एचईएमएस प्रोजेक्ट 'संजीवनी' के तहत काम करेगा। फिलहाल हेलीकॉप्टर को असेंबल किया जा रहा है और यह प्रमाणन प्रक्रिया के तहत है।

**8. हरियाणा ने हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए 'वन मित्र' योजना शुरू की**



- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गैर-वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण गतिविधियों में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 'वन मित्र' योजना और इसका पोर्टल लॉन्च किया है।
- 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के सदस्य 'वन मित्र' बनने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।
- इस योजना का उद्देश्य राज्य भर में वन क्षेत्रों को बढ़ाने, वनीकरण की उत्तरजीविता दर में वृद्धि सुनिश्चित करने और गैर-वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने में स्थानीय जनता को सीधे शामिल करना है।
- **<u>हरियाणा के बारे में</u>**
- राजधानी – चंडीगढ़
- मुख्यमंत्री – मनोहर लाल खटटर
- राज्यपाल – बंडारू दत्तात्रेय

**9. पशुपति पारस ने खाद्य उद्यमियों के लिए "सुफलाम" लॉन्च किया**




- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस ने "सुफलम: स्टार्ट-अप फोरम फॉर एस्पायरिंग लीडर्स एंड मेंटर्स स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2024" का उद्घाटन किया।
- यह पहल उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्टार्टअप के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए सरकार के अटूट समर्पण को प्रदर्शित करती है, जो बदले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में इच्छुक उद्यमियों को सशक्त बनाती है।

**10. प्रबोवो सुबियांतो इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुने गए**



- इंडोनेशिया के राष्ट्रपति पद की दौड़ में प्रबोवो सुबियांतो पहले दौर में लगभग 60% वोट हासिल करके विजयी हुए।
- उनकी सैन्य पृष्ठभूमि और राष्ट्रपति जोको विडोडो की नीतियों के साथ तालमेल ने उन्हें स्पष्ट जीत के लिए प्रेरित किया, जिससे इंडोनेशियाई बाजारों में सकारात्मक प्रतिक्रिया हुई।
- **<u>इंडोनेशिया के बारे में</u>**
- राजधानी – जकार्ता
- मुद्रा - रुपिया
- आधिकारिक भाषा - इंडोनेशियाई
- राष्ट्रपति - प्रबोवो सुबिआंतो

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. हर साल कब छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई जाती है?**
(a) 17 फरवरी
(b) 18 फरवरी
(c) 19 फरवरी
(d) 20 फरवरी

**2. फरवरी 2024 में किस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव पेश हुआ है?**
(a) AAP
(b) BJP
(c) कांग्रेस
(d) BSP

**3. हाल ही में 58वें ज्ञानपीठ पुरुस्कार के लिए किसे चुना गया ?**
(a) गुलजार
(b) जगदगुरु रामभद्राचार्य
(c) उपयुक्त दोनों / both
(d) इनमें से कोई नहीं

**4. हर साल विश्व मानव आत्मा दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 17 फरवरी
(b) 18 फरवरी
(c) 19 फरवरी
(d) 20 फरवरी

**5. हाल ही में भारतीय वायु सेना ने 'वायु शक्ति' अभ्यास का आयोजन कहां किया ?**
(a) राजस्थान
(b) आंध्र प्रदेश
(c) गुजरात
(d) महाराष्ट्र

**6. मिलन नौसैनिक अभ्यास का कौन सा संस्करण 19-27 फरवरी तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा?**
(a)10th
(b) 11th
(c) 12th
(d) 13th

**7. भारत की पहली हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा (HEMS) किस राज्य से शुरू की जाएगी**
(a) उत्तराखंड
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) महाराष्ट्र

**8. किस राज्य सरकार ने गैर-वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण गतिविधियों में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 'वन मित्र' योजना शुरू की है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) हरियाणा

**9. अप फोरम फॉर एस्पायरिंग लीडर्स एंड मेंटर्स स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2024" का उद्घाटन किसने किया है?**
(a) पशुपति कुमार पारस
(b) पीयूष गोयल
(c) जितेंद्र सिंह
(d) सर्बानंद सोनोवाल

**10. प्रबोवो सुबिआंतो को किस देश का राष्ट्रपति चुना गया है?**
(a) इंडोनेशिया
(b) नेपाल
(c) भूटान
(d) पाकिस्तान

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (c) | (a) | (a) | (c) | (a) | (d) | (a) | (a) |